उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## गुरूवार, 31 श्रावण, शक संवत्, 1946

**( दिनांक : 22 अगस्त, 2024 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)

2. प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख "**)

3. निधन के निदेश।

4. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड विधान सभा के वर्ष, 2024 के प्रथम सत्र में उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य-संचालन नियमावली, 2005 के नियम-300 के अन्तर्गत प्राप्त सूचनाओं पर कृत कार्यवाही का विवरण, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा जारी किये गये प्रक्रिया संबंधी निदेश संख्या-14 (3) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखेंगे।

5. वन मंत्री, उत्तर प्रदेश वन निगम अधिनियम, 1974 (उत्तराखण्ड राज्य में यथाप्रवृत्त) के अध्याय-5 की धारा-26(1) के प्राविधानानुसार वित्तीय वर्ष, 2020-21 के आर्थिक चिट्ठों के प्रतिवेदन को सदन के पटल पर रखेंगे।

6. मुख्यमंत्री "भारत का संविधान" के अनुच्छेद-151(2) के अधीन उत्तराखण्ड शासन से सम्बन्धित "भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का एकीकृत वित्तीय प्रबन्धन प्रणाली पर निष्पादन लेखा परीक्षा प्रतिवेदन 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए" (प्रतिवेदन संख्या-01 वर्ष 2024) एवं "राज्य के वित्त पर लेखा परीक्षा प्रतिवेदन 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष के लिए" (प्रतिवेदन संख्या-02 वर्ष 2024) को सदन के पटल पर रखेंगे।

7. मुख्यमंत्री, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 395 (बी) के अन्तर्गत उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0 के वित्तीय वर्ष 2022-23 से सम्बन्धित वार्षिक लेखा विवरण को सदन के पटल पर रखेंगे।

8. सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि :-

   (1) समान नागरिक संहिता, उत्तराखण्ड, 2024 विधेयक जो विधान सभा द्वारा दिनांक 07 फरवरी, 2024 को पारित किया गया था, पर माननीय राष्ट्रपति की अनुमति दिनांक 11 मार्च, 2024 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष, 2024 का तृतीय अधिनियम बन गया।

   (2) उत्तराखण्ड विनियोग विधेयक, 2024 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 29 मार्च, 2024 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 12 मार्च, 2024 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष, 2024 का चतुर्थ अधिनियम बन गया।

(3) उत्तराखण्ड निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2024 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 28 फरवरी, 2024 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 16 मार्च, 2024 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष, 2024 का पाचवां अधिनियम बन गया।

(4) उत्तराखण्ड पंचायतीराज (संशोधन) विधेयक, 2024 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 28 फरवरी, 2024 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 16 मार्च, 2024 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष, 2024 का छठ्वां अधिनियम बन गया।

(5) उत्तराखण्ड {उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द और समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986} (संशोधन) विधेयक, 2024 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 29 फरवरी, 2024 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 16 मार्च, 2024 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष, 2024 का सातवां अधिनियम बन गया।

(6) उत्तराखण्ड बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण (संशोधन) विधेयक, 2024 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 28 फरवरी, 2024 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 16 मार्च, 2024 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष, 2024 का आठ्वां अधिनियम बन गया।

(7) उत्तराखण्ड लोक सेवा (कुशल खिलाड़ियों के लिये क्षैतिज आरक्षण) विधेयक, 2024 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 28 फरवरी, 2024 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 16 मार्च, 2024 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष, 2024 का नौवां अधिनियम बन गया।

**9.** सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

**10.** श्री बृजभूषण गैरोला, सदस्य, विधान सभा "विधान सभा क्षेत्र डोईवाला, जनपद देहरादून के अन्तर्गत टिहरी बांध परियोजना से सम्बन्धित पुनर्वास स्थलों की लम्बित समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु गठित संयुक्त परीक्षण समिति (दिनकर कमेटी) के द्वारा की गयी संस्तुतियों को लागू किये जाने के सम्बन्ध में" श्री वेताल सिंह नेगी पुत्र स्व0 श्री जूरा सिंह, ई-49, ग्राम व पो0 कोटी-अठूरवाला देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

**11.** श्री बृजभूषण गैरोला, सदस्य, विधान सभा "विधान सभा क्षेत्र डोईवाला, जनपद देहरादून के अन्तर्गत ग्राम पंचायत दूधली खट्टापानी में सिंचाई नहर निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री राजेन्द्र क्षेत्री पुत्र स्व0 श्री पदम बहादुर, दूधली बड़कली देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

**12.** श्री प्रदीप बत्रा, सदस्य, विधान सभा "जनपद हरिद्वार विधान सभा क्षेत्र रुड़की के अन्तर्गत सिंचाई संस्थान, रुड़की के सामने बने ऐतिहासिक नीले पैदल पुल का विशेषज्ञों की टीम द्वारा निरीक्षण किये जाने एवं पुल की मरम्मत कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री अंकित कुमार, डी-10, प्रशासनिक भवन, जादूगर रोड़ रुड़की, हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

13. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

14. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

15. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

16. संसदीय कार्य मंत्री निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे:-

"मैं यह प्रस्ताव करता हूं कि यह सदन उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के संगत नियमों के अधीन समिति, जिसमें समिति के गठन हेतु सदस्यों के निर्वाचन का प्राविधान है, यथा लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति, सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति तथा अनुसूचित जाति, जनजाति एवं विमुक्त जाति समिति में कार्य करने के लिए माननीय सदस्यों को नामित करने हेतु माननीय अध्यक्ष को प्राधिकृत करता है। इस प्रकार नामित सदस्य विधान सभा द्वारा विधिवत निर्वाचित समझे जायेंगे।"

17. मुख्यमंत्री निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे :-

"मैं प्रस्ताव करता हूं कि व्यवसाय संघ (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2020 जो कि दिनांक 23 सितम्बर, 2020 को पुरःस्थापित हुआ तथा उसी तिथि को उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा बिना किसी संशोधन के पारित किया गया, को वापस लिये जाने की अनुमति प्रदान कर दी जाय।"

18. शहरी विकास मंत्री, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916) (संशोधन) विधेयक, 2024 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

19. शहरी विकास मंत्री, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916) (संशोधन) विधेयक, 2024 को पुरःस्थापित करेंगे।

20. शहरी विकास मंत्री, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959) (संशोधन) विधेयक, 2024 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

21. शहरी विकास मंत्री, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959) (संशोधन) विधेयक, 2024 को पुरःस्थापित करेंगे।

22. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड लोक तथा निजी सम्पत्ति क्षति वसूली विधेयक, 2024 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

23. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड लोक तथा निजी सम्पत्ति क्षति वसूली विधेयक, 2024 को पुरःस्थापित करेंगे।

24. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड राज्य विधान सभा विविध (संशोधन) विधेयक, 2024 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

25. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड राज्य विधान सभा विविध (संशोधन) विधेयक, 2024 को पुरःस्थापित करेंगे।

26. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (संशोधन) विधेयक, 2024 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

27. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (संशोधन) विधेयक, 2024 को पुरःस्थापित करेंगे।

28. खेल एवं युवा कल्याण मंत्री, उत्तराखण्ड राज्य क्रीडा विश्वविद्यालय विधेयक, 2024 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

29. खेल एवं युवा कल्याण मंत्री, उत्तराखण्ड राज्य क्रीडा विश्वविद्यालय विधेयक, 2024 को पुरःस्थापित करेंगे।

30. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड कारागार और सुधारात्मक सेवाएं विधेयक, 2024 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

31. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड कारागार और सुधारात्मक सेवाएं विधेयक, 2024 को पुरःस्थापित करेंगे।

32. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

---

**(समय : अपराह्न 04:00 बजे)।**

33. वित्त मंत्री, वित्तीय वर्ष 2024-2025 की प्रथम अनुपूरक अनुदान मागें प्रस्तुत करेंगे।

34. दिनांक 29 नवम्बर, 2022 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-05 के संबंध में श्रीमती अनुपमा रावत, सदस्य, विधान सभा द्वारा जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत हरिद्वार ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र में वन गुज्जर जिनकी आजीविका का साधन पशुपालन ही है, उन्हें वनों में पशु चुगान और लौपिंग के परमिट निर्गत किये जाने विषयक सूचना पर नियम-51 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

35. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाऐं, यदि कोई हों।

**आज्ञा से,**

**भराड़ीसैंण :**
**दिनांक :21 अगस्त, 2024**

**(हिम चन्द्र पन्त)**
**उप सचिव (लेखा),**
**कृते सचिव।**

द्वितीय सत्र, 2024
का प्रथम गुरुवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची
## गुरुवार, 31 श्रावण, शक संवत्, 1946
## (दिनांक : 22 अगस्त, 2024)

## नत्थी 'क'

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| काजी मौ0 निजामुद्दीन<br>08.08.2024 | **क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश की आबकारी नीति क्या है ? क्या सरकार प्रदेश में स्थित, हरिद्वार, ऋषिकेश, पवित्र चारधाम, हेमकुण्ड साहिब, कलियर शरीफ, जैसे पवित्र स्थान के साथ–साथ कुम्भ एवं वार्षिक कावड़ यात्रा के धार्मिक महत्व को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश की आबकारी नीति में कोई बदलाव करेगी ? यदि हां, तो क्या और कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आबकारी |
| श्री दुर्गेश्वर लाल<br>09.08.2024 | **क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला में राज्य मार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं ग्रामीण मार्ग के दोनो ओर स्थित चीड़ के पेड़ो से बहुत ज्यादा खतरा बना हुआ है तथा ऑधी एवं तूफान से मार्ग पर चलने वाले लोगों एवं वाहनों के उपर पेड़ गिरने से लोगो की अकस्मात मृत्यु हो जाती है ? क्या यह सत्य है कि विधान सभा क्षेत्र पुरोला में वर्तमान वर्ष में लगभग 10 लोगों की मृत्यु चीड़ के पेड़ गिरने से हुई तथा सड़क किनारे चीड़ के पिरुल से वनाग्नि की घटनाएं घटित होने के कारण महत्वपूर्ण वनस्पति के साथ–साथ कई जीव–जन्तु एवं जंगली जानवर जलकर नष्ट हो जाते है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार उक्त को दृष्टिगत रखते हुए विधान सभा क्षेत्र पुरोला के राज्य मार्ग, राष्टीय राजमार्ग एवं ग्रामीण मार्ग के दोनों ओर 20–20 मीटर दूरी तक निगम के माध्यम से चीड़ों के वृक्षों का कटान कराया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |

# नत्थी 'ख'

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| **श्री बृजभूषण गैरोला**<br>**08.04.2024** | ***1**. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के डोईवाला क्षेत्र की जनता लम्बे समय से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सी0एच0सी0) के उच्चीकरण कर उप जिला चिकित्सालय बनाने की मांग करती आ रही है ? क्या यह सत्य है कि वर्ष 1984 में डोईवाला में खुले सी0एच0सी0 अस्पताल में आज भी सुविधाओं का अभाव है जिस कारण डोईवाला नगर पालिका क्षेत्र, डोईवाला ग्रामीण क्षेत्र व रायपुर विकास खण्ड के थानो न्याय पंचायत के ग्रामीणों को डोईवाला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अपना उपचार करवाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार डोईवाला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का उच्चीकरण कर उप जिला चिकित्सालय बनाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| **श्री भुवन चन्द्र कापड़ी**<br>**08.04.2024** | ***2**. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में अशासकीय/माध्यमिक विद्यालयों में 426 शिक्षक तदर्थ रुप से कार्य कर रहे है ? क्या यह सत्य है कि उक्त शिक्षक सभी शैक्षिक अहर्ता पूर्ण करते हैं तथा राजकीय सेवा के सभी सुविधाओं को प्राप्त कर रहे है ? क्या यह भी सत्य है कि उक्त तदर्थ शिक्षक अध्यापन के अलावा समय–समय पर अन्य शासकीय कार्य भी करते आ रहे है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त शिक्षकों का विनियमितीकरण करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |
| **श्री बृजभूषण गैरोला**<br>**09.04.2024** | ***3.** क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के किसानों की आय दोगुना करने के लिए राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना की शुरुआत कब की गयी थी और आतिथि तक राज्य के कितने किसानों को इससे लाभ हुआ है ? क्या यह सत्य है कि राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा वित्त पोषित व केन्द्रीय क्षेत्रक एकीकृत कृषि सहकारी परियोजना के अन्तर्गत उत्तराखण्ड सरकार द्वारा इस योजना का संचालन किया जा रहा है और क्या इस योजना के लिए रुपये 33,340 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गयी है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कौन–कौन सी योजनायें राज्य समेकित सहकारी विकास–परियोजना द्वारा चलाई जा रही है और इसके सापेक्ष अभी तक कुल कितनी धनराशि व्यय की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सहकारिता |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10.04.2024 | ***4.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गोबिन्द वल्लभ पन्त विश्वविद्यालय और सुप्रसिद्ध महाराज सयाजीराव विश्वविद्यालय सहित देश के अग्रणी विश्वविद्यालय गृह विज्ञान की उपाधि फूड एण्ड न्यूट्रीशन, फेमिली रिसोर्स मैंनेजमेंट, ह्यूमन एण्ड चाईल्ड डेवलपमेंट, फेब्रिक/टेक्सटाईल्स एण्ड अपरेल डिजाइनिंग और एम्सटेंमन एण्ड कम्यूनिकेशन आदि नामों से प्रदान करते है ? क्या यह सत्य है कि उत्तराखण्ड के आयोगों में असिसटेन्ट प्रोफेसर व प्रवक्ता पदों के लिए होने वाली नियुक्तियों में इन पाठ्यक्रमों को अर्ह न मानकर प्रदेश के प्रतिभावान छात्रों को वंचित किया जा रहा है ? क्या सरकार द्वारा उक्त पाठ्यक्रमों को अन्य विश्वविद्यालयों की भांति गृह विज्ञान को ही शाखा मानकर असिसटेन्ट प्रोफेसर और प्रवक्ताओं के पदों की नियमावली में इन उपाधियों को शामिल किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| श्रीमती ममता राकेश<br>10.04.2024 | ***5.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि राजकीय कर्मचारियों एवं पेंशनधारकों को गोल्डन कार्ड योजनान्तर्गत दन्त चिकित्सा एवं नेत्र चिकित्सा को गौण समझा जा रहा है ? यदि नहीं, तो दन्त चिकित्सा हेतु राज्य मुख्यालय में मात्र एक चिकित्सालय को ही सूचीबद्ध करने तथा नेत्र चिकित्सा के सन्दर्भ में नजर के चश्में/लेन्स का भुगतान की व्यवस्था न करने का क्या औचित्य है ? क्या सरकार इन विसंगतियों को दूर कर एक सुस्पष्ट व्यवस्था बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री संजय डोभाल<br>30.04.2024 | ***6.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के अन्तर्गत प्रसिद्ध तीर्थ स्थल यमुनोत्री धाम पड़ता है ? क्या यह सत्य है कि प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु देश विदेश से यहां आते है तथा यात्रा रूट पर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल न होने के कारण यात्रियों को समुचित उपचार नहीं मिल पाता है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि यात्रा व्यवस्थाओं को मध्यनजर रखते हुए यमुनोत्री क्षेत्र के अन्तर्गत जानकी चट्टी में एक मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सालय स्थापित करेंगे? यदि हां तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री संजय डोभाल<br>01.05.2024 | ***7.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के अन्तर्गत जिला मुख्यालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक एवं चिकित्सा उपकरणों के अभाव में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से रोगियों की हालत को गम्भीर बताते हुए जिला अस्पताल में रेफर किया जाता है, किन्तु जिला अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक न होने के कारण रोगियों को हायर सेंटर देहरादून रेफर किया जाता है ? यदि हां, तो सरकार कब तक इन चिकित्सालयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेश गढ़िया<br>02.05.2024 | **''विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।''**<br>***8.** क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक / माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2019 से आतिथि तक प्रदेश में कितने प्राथमिक विद्यालय, जूनियर हाई स्कूल एवं हाईस्कूल, कम छात्र संख्या या अन्य कारणों से बंद हो गए है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में बंद पड़े विद्यालयों की परिसंपत्तियों के रख–रखाव हेतु सरकार द्वारा क्या–क्या व्यवस्थाऐं व कार्य योजना बनायी गयी है ? क्या मंत्री जी तत्सम्बन्धी सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक / माध्यमिक) |
| श्री महेश जीना<br>08.05.2024 | **''केन्द्रीय विषय होने के आधार पर निरस्त''**<br>***9.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में आतिथि तक कुल कितने प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र स्थापित हो चुके हैं और कितने प्रस्तावित हैं ? क्या मंत्री जी इस बात से अवगत हैं कि मंहगाई के इस दौर में अंग्रेजी दवाओं की कीमत आम रोगी की पहुँच से दूर होने के कारण आम आदमी जीवन रक्षक अंग्रेजी दवाओं को खरीदने में असमर्थ है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में प्रदेश के प्रत्येक चिकित्सालय में अनिवार्य रुप से प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र स्थापित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| इंजी0 रवि बहादुर<br>20.05.2024 | ***10.** क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक / माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में आर0टी0ई0 के तहत एडमिशन के दौरान जो स्कूल आर0टी0ई0 की साईट पर नहीं दिखते और विलम्ब से रजिस्ट्रेशन करते हैं, तो क्या उनके विरूद्व कोई कार्यवाही का प्राविधान है ? यदि हां, तो क्या सरकार इन स्कूलों में आर0टी0ई0 एडमिशन की समय सीमा समाप्त होने के बाद भी एडमिशन करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक / माध्यमिक) |
| श्री खुशाल सिंह अधिकारी<br>24.05.2024 | ***11.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि राज्य के पर्वतीय जनपदों के चिकित्सालयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों का अभाव बना हुआ है ? क्या यह सत्य है कि जनपद चम्पावत के लोहाघाट स्थित उप चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सक न होने से क्षेत्रीय जनता को उपचार हेतु अत्यधिक दूर हल्द्वानी या बरेली रेफर किया जाता है, जिस कारण रोगी रास्ते में ही दम तोड़ रहे है ? क्या सरकार व्यापक जनहित में राजकीय उप चिकित्सालय, लोहाघाट में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| **श्री भुवन चन्द्र कापड़ी**<br>**31.05.2024** | ***12.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि डेंगू की रोकथाम के लिए सरकार ने कार्य योजना बनाकर सरकारी विभागों को निर्देशित किया गया है ? यदि हां, तो कौन–कौन से विभागों को क्या–क्या कार्य दिया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| **श्री मयूख महर**<br>**27.06.2024** | ***13.** क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक / माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान सरकार के गठन के बाद प्रदेश में अब तक कितने प्राथमिक विद्यालय, जूनियर हाईस्कूल, हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट कॉलेज की स्थापना की गयी है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी खोले गये नये विद्यालयों का विधान सभावार विवरण उपलब्ध करायेंगे ? यदि नहीं, तो क्या सरकार भविष्य में नये विद्यालयों की स्थापना करने पर विचार करेगी ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक / माध्यमिक) |
| **श्री भुवन चन्द्र कापड़ी**<br>**18.07.2024** | ***14.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2017–18 से कार्यरत नितान्त अस्थायी प्राध्यापक जो कि महाविद्यालयों में सेवायें दे रहे हैं, को सरकार न्यूनतम वेतन यू0जी0सी0 के मानकों के अनुसार दे रही है ? यदि हां, तो कितना ? क्या यह सत्य है कि नितान्त अस्थायी प्राध्यापकों के पदों को रिक्त माना जा रहा है ? यदि हां, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| **श्री महेश जीना**<br>**25.07.2024** | **"द्वितीय गुरूवार के तारांकित प्रश्न संख्या–03 में स्थानांतरित"**<br>***15.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में बैचरल ऑफ फाईन आर्टस / पैटिंग मूर्तिकला की डिग्री के बाद भी बी0एड0 को अनिवार्य कर दिया गया है ? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि अन्य प्रदेशों में बैचलर आफ आर्टस / पैंटिग मूर्तिकला के बाद बी0एड0 अनिवार्य नहीं है ? क्या सरकार अन्य प्रदेशों की भांति बैचरल ऑफ फाईन आर्टस / पैटिंग मूर्तिकला की डिग्री को शैक्षणिक कार्य हेतु मान्यता प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| **श्री महेश जीना**<br>**25.07.2024** | ***16.** क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री को ज्ञात है कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र के अधिकांश विद्यालयों में एन0सी0सी0 पाठ्यक्रम स्वीकृत नही है ? क्या यह सत्य है कि प्रदेश के अधिकांश नौजवान सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करना चाहते है ? यदि हां, तो क्या सरकार प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों के विद्यालयों सहित जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सल्ट के विद्यालयों में अनिवार्य रुप से एन0सी0सी0 पाठ्यक्रम की स्वीकृति शीघ्र प्रदान करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |

# अतारांकित प्रश्न

**श्री विक्रम सिंह नेगी**
**08.04.2024**

1. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या 16/XXIV (6)2017–240/2013, दिनांक 3 जनवरी, 2017 के अनुपालन में गढ़वाल विश्वविद्यालय के शिक्षकों को राजकीय महाविद्यालय में संविदा के रुप में समायोजित किया गया था ? क्या यह सत्य है कि उक्त शिक्षक वर्तमान तक संविदा पर कार्य कर रहे हैं ? क्या यह भी सत्य है कि उच्च शिक्षा निदेशक द्वारा संविदा शिक्षकों के विनियमितीकरण विषयक आख्या/रिपोर्ट पर सरकार द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि मा0 मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के 37 संविदा शिक्षकों के प्रकरण का निस्तारण नहीं हो पाया है ? यदि हां, क्या सरकार उपरोक्त 37 संविदा शिक्षकों का विनियमितीकरण करेगी ? यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों ?

उच्च शिक्षा

**श्री प्रीतम सिंह पंवार**
**08.04.2023**

2. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में इण्टरमीडिएट कॉलेज में लगभग 90 प्रतिशत प्रधानाचार्यो के पद रिक्त चल रहे हैं ? क्या यह सत्य है कि इन कॉलेज में प्रभारी प्रधानाचार्यों से प्रधानाचार्य का कार्य लिया जा रहा है जिससे उस विद्यालय के शिक्षण पर प्रभाव पड़ रहा है ? क्या सरकार बतायेगी कि प्रधानाचार्यों के पद पर पदोन्नति कब तक कर ली जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक)

**श्री प्रीतम सिंह पंवार**
**08.04.2023**

**"मा0 उच्च न्यायालय में विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।"**

3. क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में शिक्षा विभाग द्वारा माह अप्रैल, 2024 में प्रधानाचार्यों के पद पर विभागीय सीधी भर्ती विज्ञापित की गयी है ? क्या यह सत्य है कि इस सीधी भर्ती के कारण एवं विज्ञप्ति में आयु सीमा 50 वर्ष तय किये जाने से अधिकांश शिक्षक सीधी भर्ती से बाहर हो रहे है ? क्या सरकार सीधी भर्ती परीक्षा के नियमों में संशोधन कर अधिक से अधिक शिक्षक प्रतिभाग कर सके, ऐसी व्यवस्था करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक)

| | | |
|---|---|---|
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>**08.04.2023** | **''प्रथम सोमवार के अतारांकित प्रश्न संख्या–84 में स्थानांतरित''**<br>**4.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकास खण्ड थौलधार के ग्राम पंचायत बंगियाल के ग्रामीणो द्वारा वर्ष 1989 में राजकीय यूनानी एवं आयुर्वेदिक चिकित्सालय के भवन निर्माण हेतु भूमि दान कर दी गयी थी ? क्या यह सत्य है कि आतिथि तक राजकीय यूनानी एवं आयुर्वेदिक चिकित्सालय वंगियाल (थौलधार) जनपद टिहरी गढ़वाल का भवन निर्माण नहीं किया जा सका है ? क्या सरकार बतायेंगी क्षेत्र के ग्रामीणों के हित में उक्त चिकित्सालय भवन का निर्माण करवाया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>**08.04.2023** | **5**. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कॉलेज कटखेत (थौलधार) में लगभग 350 से अधिक छात्र/छात्रायें अध्ययनरत हैं ? क्या राजकीय इण्टर कॉलेज कटखेत जनपद टिहरी गढ़वाल में छात्र–छात्राओं के व्यापक हित में गणित, संस्कृत व गृह विज्ञान के पद सृजित कर कक्षाओं का संचालन किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>**09.04.2024** | **6.** क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज थत्यूड़ (जौनपुर) में छात्रा संख्या लगभग 390 है ? क्या यह सत्य है कि इस विद्यालय में हाईस्कूल स्तर पर गृह विज्ञान विषय के अध्यन हेतु इस दूरस्थ क्षेत्र की छात्राओं को मसूरी या देहरादून जाना पड़ता है ? क्या सरकार बतायेगी कि व्यापक छात्रा हित में रा0बा0इ0का0 थत्यूड़ (जौनपुर) में हाईस्कूल स्तर पर गृह विज्ञान विषय की स्वीकृति प्रदान की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |
| **श्री बृजभूषण गैरोला**<br>**09.04.2024** | **7.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सी0एच0सी0 स्तर पर फिजियोथेरेपिस्ट के पद स्वीकृत किये जायेंगे ? क्या यह सत्य है कि कुछ वर्षों से लोगों की रहन–सहन में बदलाव के कारण बैक पेन और सर्वाइकल पेन के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है और फिजियोथेरेपिस्ट की नियुक्ति राजकीय चिकित्सालयों में न होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सी0एच0सी0 में फिजियोथेरेपिस्ट के पद स्वीकृत करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| **श्री संजय डोभाल**<br>**09.04.2024** | **8.** क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि राज्य में समग्र शिक्षा अभियान लागू है ? यदि हां, क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि कक्षा–01 से कक्षा 12 तक के बच्चों पर उक्त अभियान के तहत वर्ष 2017 से आतिथि तक विभिन्न मदों में कितनी धनराशि व्यय की गयी है ? क्या यह सत्य हैं कि उक्त अभियान के तहत संकुल समन्वयक व ब्लॉक समन्वयक रखे जाने का प्राविधान है ? यदि हां, तो सरकार ने आतिथि तक प्रदेश में उक्त अभियान के तहत रखे जाने वाले कार्मिक के बारे में क्या कार्यवाही की है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) |
| **श्री संजय डोभाल**<br>**09.04.2024** | **9.** क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के विकास खण्ड चिन्यालीसौड़, नौगांव व डुण्डा के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक, हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान, सामान्य ज्ञान के पद लम्बे समय से रिक्त चल रहे हैं तथा विद्यालय प्रबन्धन समिति, अभिभावकों एवं स्थानीय जन प्रतिनिधियों तथा छात्र–छात्राओं द्वारा विद्यालयों में रिक्त पदों को भरे जाने की मांग की जा रही है ? क्या सरकार छात्रहित में विद्यालयों में रिक्त चल रहे प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों के पदों को भरेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) |
| **श्री संजय डोभाल**<br>**09.04.2024** | **10.** क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कॉलेज राना गीठ में जीव विज्ञान, अंग्रेजी, रसायन विज्ञान, अर्थशास्त्र तथा कला वर्ग के शिक्षक नही हैं जिस कारण छात्रों के पठन–पाठन में अवरोध उत्पन्न हो रहा है ? क्या सरकार छात्र हित को मध्यनजर रखते हुए राजकीय इण्टर कॉलेज राना गीठ में रिक्त पदों के सापेक्ष शिक्षकों की नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |
| **श्री संजय डोभाल**<br>**10.04.2024** | **11.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के अन्तर्गत राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के उच्चीकरण को लेकर स्थानीय जनता व जनप्रतिनिधियों द्वारा लम्बे समय से सरकार से मांग की जा रही है ? क्या यह सत्य है कि पट्टी दिचली, गमरी, चिन्यालीसौड़ पट्टी दशमी हातड़ के अधिकाधिक गांवों के 50 हजार से अधिक आबादी का एक मात्र मुख्य स्वास्थ्य केन्द्र चिन्यालीसौड़ में है ? यदि हां, तो क्या सरकार राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिन्यालीसौड़ का उच्चीकरण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>**12.04.2023** | **12.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय महाविद्यालय नैनबाग जनपद टिहरी गढ़वाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत च्वाइस बेस्ट क्रेडिट सिस्टम के अन्तर्गत छात्राओं को और अधिक विकल्प देने हेतु कला संकाय में तीन विषयों यथा गृह विज्ञान, संस्कृत व शिक्षा शास्त्र की कक्षाओं का संचालन किया जाना अति आवश्यक है ? यदि हां, तो छात्र हित में उक्त महाविद्यालय में वर्तमान शैक्षणिक सत्र से उपरोक्त विषयों की कक्षाओं का संचालन प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| **श्री संजय डोभाल**<br>**12.04.2024** | **13.** क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक / माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के अन्तर्गत कुल कितने राजकीय प्राथमिक विद्यालय, जूनियर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राजकीय इण्टर कालेज है, जिनके भवन वर्तमान में जीर्ण–शीर्ण स्थिति में है ? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि विद्यालयों के भवन जीर्ण–शीर्ण स्थिति में होने से अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को जान–माल का नुकसान हो सकता है? यदि हां, तो क्या सरकार छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए विद्यालयों के जीर्ण–शीर्ण भवनों की मरम्मत करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक / माध्यमिक) |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>**15.04.2024** | **14.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र थत्यूड टिहरी गढ़वाल में रेडियोलॉजिस्ट का पद लम्बे समय से रिक्त चल रहा है, जिस कारण मरीजों को उपचार हेतु देहरादून या मसूरी जाना पड़ता है ? क्या सरकार जौनपुर विकास खण्ड के दूरस्थ क्षेत्र में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र थत्यूड़ में रेडियोलॉजिस्ट तथा अन्य रिक्त चल रहे अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>**15.04.2024** | **15**. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के राजकीय महाविद्यालय नैनबाग में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत बहु विषयकता सुनिश्चित करने हेतु विज्ञान संकाय के पांच विषयों भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान और वनस्पति विज्ञान की कक्षाओं का संचालन अति आवश्यक है, ताकि गरीब छात्र–छात्राओं को उच्च शिक्षा क्षेत्र के ही महाविद्यालय में प्राप्त हो और बाहर न जाना पड़े ? यदि हां, तो राजकीय महाविद्यालय नैनबाग में उपरोक्त पांच विषयों का संचालन इसी सत्र से प्रारम्भ कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |

**श्री संजय डोभाल**
**15.04.2024**

**16**. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़कोट तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिन्यालीसौड़ में अल्ट्रासाउण्ड की मशीन लगी है ? क्या यह सत्य है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में स्थाई टैक्निशियन की नियुक्ति नहीं है ? क्या सरकार उक्त सामुदायिक सवास्थ्य केन्द्रों में स्थाई टैक्निशियन की नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सा स्वास्थ्य

**श्री संजय डोभाल**
**16.04.2024**

**17.** क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री को ज्ञात है कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के विकास खण्ड नौगॉव में राजकीय इण्टर कालेज कुथनौर में विज्ञान वर्ग का पद सृजित नहीं है, जिस कारण छात्र–छात्राओं को उक्त विषय से सम्बन्धित ज्ञान से वंचित रहना पड़ रहा है ? क्या मंत्री जी छात्रहित में रा0इ0का0 कुथनौर में विज्ञान वर्ग का पद सृजित करायेंगे ? यदि हां तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक)

**श्री प्रीतम सिंह पंवार**
**16.04.2024**

**18.** क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कॉलेज केम्पटी विकास खण्ड जौनपुर का विद्यालय भवन पुराना तथा जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है ? क्या सरकार बतायेगी कि इस विद्यालय का संचालन पुराने जीर्ण–शीर्ण कक्षों में किया जा रहा है ? क्या सरकार छात्र–छात्राओं के व्यापक हित में रा0इ0का0 केम्पटी में विद्यालय भवन का निर्माण करवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक)

**श्री महेश जीना**
**23.04.2024**

**19**. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्याल्दे स्थापित है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि चिकित्सक व कर्मचारियों की कमी से ओ0पी0डी0 का संचालन भी सुचारु रूप से नहीं हो पा रहा है, जिस कारण स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सुविधा के लिए बाहर जाना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्याल्दे में चिकित्सक व कर्मचारियों की नियुक्ति कर स्वास्थ्य केन्द्र को जनता के लिए सुविधाजनक बनायेगी ? यदि हां तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सा स्वास्थ्य

| | | |
|---|---|---|
| **श्री महेश जीना**<br>**24.04.2024** | **20.** क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक / माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में शिक्षकों के अभाव से शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत कितने विद्यालयों में प्रवक्ता, सहायक अध्यापक व अन्य कर्मचारियों के कितने पद सृजित हैं और सृजित पदों के सापेक्ष कितने पद रिक्त हैं ? क्या सरकार छात्र हितों को दृष्टिगत रखते हुए, शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक / माध्यमिक) |
| **श्री महेश जीना**<br>**24.04.2024** | **21.** क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक / माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा में कुल कितने प्राथमिक, जूनियर हाईस्कूल, उच्चतर माध्यमिक व इण्टर मीडिएट विद्यालय संचालित हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उच्चत्तर माध्यमिक एवं इण्टरमीडिएट विद्यालयों में विज्ञान व गणित के कितने पद स्वीकृत है और स्वीकृत पदों के सापेक्ष कितने शिक्षक कार्यरत है ? क्या सरकार छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए रिक्त पदों पर नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक / माध्यमिक) |
| **श्री महेश जीना**<br>**25.04.2024** | **22.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में ए0एन0एम0 के कितने पद स्वीकृत हैं और स्वीकृत पदों के सापेक्ष कितने पद रिक्त है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में ए0एन0म0 के पदों पर नियुक्ति प्रकिया गतिमान है ? यदि हां, तो ए0एन0एम0 के रिक्त पदों पर नियुक्ति कब तक कर दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>**25.04.2024** | **23.** क्या संस्कृत शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में स्थित व संचालित संस्कृत विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में कम्प्यूटर की शिक्षा दी जा रही है ? क्या सरकार बतायेगी कि वर्तमान समय में कम्प्यूटर का ज्ञान अथवा कम्प्यूटर का संचालन आवश्यक हो गया है ? यदि हां, तो प्रदेश में स्थित व संचालित संस्कृत विद्यालयों व महाविद्यालयों में कम्प्यूटर की कक्षाओं का संचालन आवश्यक रुप में करवाया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | संस्कृत शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>**25.04.2024** | **24.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कण्डीसौड़ (छाम) में चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ के कुल कितने पद स्वीकृत है और वर्तमान में कितने कार्यरत है ? क्या यह सत्य है कि चारधाम यात्रा पड़ाव कण्डीसौड़ (छाम) चम्बा व चिन्यालीसौड़ के मध्य एक मात्र स्वास्थ्य केन्द्र है ? क्या सरकार क्षेत्रीय जनता, तीर्थयात्रियों, चारधाम यात्रा के यात्रियों व पर्यटकों के हित में रिक्त पदों पर तैनाती करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>**25.04.2024** | **25.** क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कालेज काटल (जौनपुर) में छात्र–छात्रा संख्या लगभग 376 है ? क्या यह सत्य है कि छात्र–छात्राओं को बैठने हेतु पर्याप्त कक्षा–कक्ष नहीं है, जो भी कक्षा–कक्ष उपलब्ध है, वह भी जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है ? क्या सरकार व्यापक छात्र–छात्रा हित में रा0इ0का0 काटल (जौनपुर) जनपद टिहरी गढ़वाल के विद्यालय भवन का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>**25.04.2024** | **26.** क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकास खण्ड चम्बा, टिहरी गढ़वाल में रा.उ.प्रा.वि. पसनी का भवन जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है जो कि कभी भी क्षतिग्रस्त हो सकता है ? क्या सरकार बतायेगी कि रा0उ0मा0वि0 पसनी (चम्बा) टिहरी गढ़वाल के जीर्ण–शीर्ण विद्यालय भवन का पुनर्निर्माण कब तक करवा लिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>**25.04.2024** | **27.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कण्डीसौड़ (छाम) थत्यूड़ तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नैनबाग जनपद टिहरी गढ़वाल के विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना से एम्बुलेंस का क्रय किया गया है ? क्या यह सत्य है कि चालकों के न होने से एम्बुलेंसों का उपयोग मरीजो की सुविधा के लिए नहीं हो पा रहा है ? क्या सरकार बतायेगी कि मरीजों के आवागमन सुविधा व हित में उक्त एम्बुलेसों के व्यापक संचालन हेतु पी.आर.डी. अथवा उपनल के माध्यम से चालक तैनात किए जायेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| **श्री गोपाल सिंह राणा**<br>**25.04.2024** | **28**. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय नानकमत्ता, ऊधमसिंहनगर के भवन निर्माण हेतु जिला अधिकारी ऊधमसिंहनगर द्वारा ग्राम सुनखरी कला, उप तहसील नानकमत्ता के खाता सं0–123 के खसरा न0 285 रक्बा 0.215, खसरा सं0 287 रक्बा 1.182, खसरा न0 288 रक्बा 0.759 है, कुल रक्बा 1.182 भूमि प्रस्तावित है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त प्रस्तावित भूमि महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय नानकमत्ता को हस्तान्तरित हो चुकी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| **श्री संजय डोभाल**<br>**30.04.2024** | **29.** क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के विकास खण्ड डुण्डा में वर्ष 2012 में राजकीय इण्टर कॉलेज जुणगा में विद्यालय उच्चीकृत हुआ था ? क्या यह सत्य है कि तत्समय उक्त विद्यालय में केवल कला संकाय स्वीकृत था ? यदि हां, तो 10 वर्ष बाद भी विद्यालय में विज्ञान संकाय स्वीकृत नहीं किया गया है ? क्या यह भी सत्य है कि विद्यालय भवन वर्तमान में जर्जर अवस्था में है ? यदि हां, तो क्या सरकार विद्यालय भवन की मरम्मत एवं विज्ञान संकाय स्वीकृत करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |
| **श्री सुरेश गढ़िया**<br>**03.05.2024** | **30.** क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) मंत्री अवगत हैं जनपद बागेश्वर के विधानसभा क्षेत्र कपकोट के अन्तर्गत संचालित राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय कपकोट में वर्ष 2022 में 30 व 2023 में 40 छात्र–छात्राएँ सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में सफल हुए जो प्रदेश में सर्वाधिक है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्र के विद्यालय के प्रदर्शन को देखते हुए सरकार द्वारा विद्यालय के आधुनिक कक्षा–कक्षों एवं भवनों, चाहरदीवारी, कम्प्यूटर कक्ष, शौचालय, आधुनिक स्मार्ट क्लास, अध्यापकों के लिए कोई ठोस कार्य योजना बनाई गई है ? यदि हां, तो तत्सम्बन्धी विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) |
| **श्री संजय डोभाल**<br>**03.05.2024** | **31**. क्या उच्च शिक्षा मंत्री को ज्ञात है कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय चिन्यालीसौड़ एवं राजकीय महाविद्यालय बड़कोट में एम0ए0 तथा एम0एस0सी0 कक्षाएं संचालित नहीं हो रही है ? क्या मंत्री जी छात्र–छात्राओं के भविष्य को मध्यनजर रखते हुए राजकीय महाविद्यालय चिन्यालीसौड़ में एम0ए0, एम0एस0सी0 की कक्षा संचालित करायेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| **श्री महेश जीना**<br>**03.05.2024** | **32.** क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा सल्ट में एक भी विद्यालय वाणिज्य (कॉमर्स) विषय के साथ संचालित नहीं हो रहा है ? क्या सरकार छात्र हितों को दृष्टिगत रखते हुए सल्ट के विद्यालयों में वाणिज्य (कॉमर्स) विषय को अनिवार्य रुप से संचालित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |
| **श्री संजय डोभाल**<br>**06.05.2024** | **33**. क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक / माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के अन्तर्गत कितने बेसिक / माध्यमिक / उच्च माध्यमिक विद्यालय है, जिनमें शिक्षकों की कमी है ? क्या यह सत्य है कि शिक्षकों की कमी होने से इन विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को शिक्षा का उचित लाभ नही मिल पा रहा है ? यदि हां, तो सरकार शिक्षक विहीन विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति कब तक करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक / माध्यमिक) |
| **श्री महेश जीना**<br>**07.05.2024** | **34.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में अधिकांश चिकित्सालयों में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं जनपद अल्मोड़ा के सल्ट क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में यहां की जनता को रामनगर, काशीपुर या दिल्ली जाना पड़ता है, जिस कारण स्थानीय जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार चिकित्सालयों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रयास करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| **श्री महेश जीना**<br>**07.05.2024** | **35**. क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत कृषि विज्ञान इण्ट कॉलेज चनोली स्थापित है किन्तु वर्तमान तक विद्यालय को कला वर्ग में इण्टरमीडिएट में वित्त की मान्यता प्राप्त नहीं है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि उक्त विद्यालय को कला वर्ग में इण्टरमीडिएट में वित्तीय मान्यता दिये जाने की मांग काफी लम्बे समय से की जा रही है परन्तु आतिथि तक विद्यालय कला वर्ग में वित्तीय मान्यता से वंचित है ? क्या सरकार जनहित की मांग व छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए कृषि विज्ञान इण्टर कॉलेज चनोली को कला वर्ग में वित्तीय मान्यता प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |

| | | |
|---|---|---|
| **श्री महेश जीना**<br>**07.05.2024** | **36.** क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत इण्टर कॉलेज चित्रकूट स्थापित है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि चित्रकूट विद्यालय को वित्तीय मान्यता नहीं मिल पायी है ? क्या सरकार जनहित की मांग व छात्रहित में इण्टर कॉलेज चित्रकूट को वित्तीय मान्यता प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |
| **श्री संजय डोभाल**<br>**07.05.2024** | **37.** क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक/बेसिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गत 03 वर्षों में राज्य के कितने जर्जर स्थिति वाले स्कूलों का मरम्मत व निर्माण किया गया है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के अन्तर्गत प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों के जो भवन जर्जर स्थिति में हैं, उनका मरम्मत कार्य कब तक कराया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक/बेसिक) |
| **डॉ0 प्रमोद नैनवाल**<br>**08.05.2024** | **38.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिक्यासैण पी0पी0पी0 मोड़ से संचालित हो रहा है ? क्या यह सत्य है कि उक्त चिकित्सालय में हड्डी रोग विशेषज्ञ का पद सृजित नहीं है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिक्यासैण में हड्डी रोग विशेषज्ञ का पद सृजित करते हुए नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| **श्री प्रदीप बत्रा**<br>**17.05.2024** | **39.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र रूड़की में स्थित राजकीय संयुक्त चिकित्सालय में ब्लड बैंक में जैंबो यूनिट मशीन को संचालित करने हेतु सरकार ऑपरेटर की नियुक्त करेगी ? यदि हां कब तक ? यदि नहीं तो क्यो ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| **श्री प्रदीप बत्रा**<br>**17.05.2024** | **40.** क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र रुड़की में स्थित राजकीय संयुक्त चिकित्सालय को मेडिकल कॉलेज बनाने की कोई योजना बनाई जा रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| **श्री उमेश कुमार**<br>**22.05.2024** | **41.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र खानपुर में स्वीकृत उप जिला चिकित्सालय का कार्य कब से प्रारम्भ होने जा रहा है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त उप जिला चिकित्सालय बनाये जाने की कार्यवाही गतिमान है ? यदि हां, तो क्या सरकार इसका विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| **श्री उमेश कुमार**<br>**22.05.2024** | **"विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।"**<br>**42.** क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2019 से वर्ष 2024 तक विधान सभा वार कितने विद्यालयों की मरम्मत हेतु धनराशि आवंटित की गयी है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) |
| **श्री प्रदीप बत्रा**<br>**22.05.2024** | **43.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कोविड–19 महामारी के दौरान जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र रुड़की के कितने मृतक व्यक्तियों के परिवारजनों को जीवन यापन/पालन पोषण हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| **श्री भुवन चन्द्र कापड़ी**<br>**03.06.2024** | **44.** क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि आर0टी0ई0 के तहत वर्ष 2021–22, वर्ष 2022–23 व वर्ष 2023–24 में प्रदेश में कितने छात्रों/छात्राओं को प्रवेश मिला है तथा इस वर्ष क्या संख्या में वृद्धि हुई है ? यदि नहीं, तो क्या ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) |
| **श्री भुवन चन्द्र कापड़ी**<br>**18.06.2024** | **"मा0 उच्च न्यायालय में विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।"**<br>**45.** क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बेसिक से एल0टी0 संवर्ग में समायोजित पदोन्नत शिक्षकों को उनके समान ग्रेड वेतन में की गयी बेसिक की सेवाओं को जोड़ते हुए चयन व पदोन्नत वेतनमान का लाभ दिया जा रहा है ? यदि हां, तो कब से ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) |

| | | |
|---|---|---|
| **श्री सुरेश गढ़िया**<br>**18.06.2024** | **46.** क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के साथ जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र, कपकोट के अन्तर्गत राजकीय अटल उत्कृष्ट आदर्श विद्यालयों का संचालन उनके तय मानकों के अनुसार हो रहा है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि किन कारणों से वर्ष 2024 में अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज, सूपी (कपकोट) का परीक्षाफल अपेक्षा से कम रहा ? क्या यह सत्य है कि अटल उत्कृष्ट राजकीय इण्टर, कॉलेज सूपी (कपकोट) में प्रवक्ताओं के स्वीकृत 9 पदों के सापेक्ष एक भी स्थाई प्रवक्ता की तैनाती नहीं है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में रिक्त पदों के सापेक्ष प्रवक्ताओं की नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) |
| **श्री विनोद कण्डारी**<br>**18.06.2024** | **47.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि मुख्यमंत्री घोषणा संख्या– 591/2023 के तहत विकास खण्ड कीर्तिनगर के अन्तर्गत तेगड़ लोस्तु बडियारगढ़ में राजकीय महाविद्यालय खोले जाने की घोषणा की गयी थी ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से अवगत करायेंगे कि राजकीय महाविद्यालय तेगड़ लोस्तु बडियारगढ़ में कक्षाओं का संचालन कब से प्रारम्भ होगा और कब से महाविद्यालय के भवन निर्माण का कार्य प्रारम्भ होगा ? क्या सरकार छात्र हित में वर्तमान शैक्षणिक सत्र से कक्षाओं का संचालन कराते हुए शीघ्र ही महाविद्यालय के भवन का निर्माण करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| **श्री विनोद कण्डारी**<br>**18.06.2024** | **48.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र देवप्रयाग के अन्तर्गत राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हिण्डोलाखाल व कीर्तिनगर स्थापित है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी को ज्ञात है कि मरीजों की अधिक संख्या होने के कारण मरीजों को आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाता है, जिस कारण स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सुविधा के लिए बाहर जाना पड़ता है ? क्या सरकार राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हिण्डोलाखाल व कीर्तिनगर का उच्चीकरण कर उप जिला चिकित्सालय बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| **श्री त्रिलोक सिंह चीमा**<br>**26.06.2024** | **49.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर में एल0डी0 भट्ट, राजकीय उप जिला चिकित्सालय काशीपुर में विशेषज्ञ चिकित्सकों सहित चिकित्सालय में अन्य संवर्गों में स्वीकृत पदों के सापेक्ष संवर्गवार कितने–कितने चिकित्सक एवं अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत है और वर्तमान में कितने पद रिक्त हैं ? क्या सरकार रिक्त पदों के सापेक्ष कार्मिकों की नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| **श्री संजय डोभाल**<br>**01.07.2024** | **50.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड चिन्यालीसौड़ के अन्तर्गत उप स्वास्थ्य केन्द्र रौंतल में फार्मासिस्ट का पद समाप्त किया गया है ? क्या सरकार व्यापक जनहित में उप स्वास्थ्य केन्द्र रौंतल में फार्मासिस्ट के पद को पुनर्जीवित कर फार्मासिस्ट की नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| **श्रीमती सरिता आर्या**<br>**03.07.2024** | **51.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेतालघाट में अल्ट्रासांउण्ड मशीन स्थापित करने के साथ ही चिकित्सालय में आपेरेटर, रेडियोलाजिस्ट, स्वच्छक एवं नेत्र सहायक की नियुक्ति कब तक की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| **श्रीमती सरिता आर्या**<br>**03.07.2024** | **52.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, गरमपानी में रेडियोलाजिस्ट की नियुक्ति कब तक की जायेगी ? यदि नही ंतो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| **श्री शहजाद**<br>**20.05.2024** | **53.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में एन0एच0एम0 योजना के अन्तर्गत वर्ष 2016 में संविदा पर नियुक्त होम्योपैथिक चिकित्सकों को पूर्व में नियुक्त संविदा होम्योपैथिक चिकित्सकों की भांति रुपये 10,000/–का अतिरिक्त प्रदत्त मानदेय सरकार द्वारा दिया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| **श्री दलीप सिंह रावत**<br>**19.07.2024** | **54.** क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र लैन्सडाउन के अन्तर्गत कई प्राथमिक विद्यालय के भवन जीर्ण–शीर्ण स्थिति में हैं ? यदि हां, तो क्या उक्त विद्यालयों में बच्चों को अध्यापन कार्य कराया जा रहा है ? यदि हां, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) |

| | | |
|---|---|---|
| **श्रीमती पार्वती दास**<br>**23.07.2024** | **55.** क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक / माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र बागेश्वर में ऐसे कितने राजकीय प्राथमिक विद्यालय, राजकीय जूनियर हाईस्कूल, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राजकीय इंटर कॉलेज हैं जिनमें शिक्षकों की कमी है ? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि विद्यालयों में शिक्षकों की कमी होने के कारण छात्र–छात्राओं को शिक्षा का लाभ नहीं मिल पा रहा है ? क्या सरकार छात्र–छात्राओं के हितों को दृष्टिगत रखते हुए राजकीय प्राथमिक विद्यालय, राजकीय जूनियर हाईस्कूल, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं राजकीय इंटर कॉलेज में शिक्षकों की नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक / माध्यमिक) |
| **श्रीमती पार्वती दास**<br>**23.07.2024** | **56.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र बागेश्वर की तहसील काफलीगैर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र काफलीगैर का उच्चीकरण करने पर सरकार द्वारा विचार किया जा रहा है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार तहसील काफलीगैर क्षेत्र के लोगो को स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए तहसील काफलीगैर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र काफलीगैर का उच्चीकरण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| **श्रीमती पार्वती दास**<br>**24.07.2024** | **57.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र बागेश्वर के तहसील काफलीगैर में महाविद्यालय की स्थापना करने पर सरकार विचार कर रही है ? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि तहसील काफलीगैर में महाविद्यालय की स्थापना न होने से इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण कर छात्र–छात्राओं को दूरस्थ महाविद्यालय में जाकर उच्च शिक्षा ग्रहण करनी पड़ती है ? क्या सरकार छात्र–छात्राओं के हितों को दृष्टिगत रखते हुए तहसील काफलीगैर में महाविद्यालय की स्थापना करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| **श्रीमती पार्वती दास**<br>**24.07.2024** | **58.** क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र बागेश्वर के शहीद राम सिंह बोरा, जू0 हाईस्कूल भगरतोला, राजकीय हाईस्कूल कन्धार, गलई, बिलौना, हाईस्कूल जखेड़ा का इण्टर में उच्चीकरण व राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंतक्वैराली का प्रांतीकरण व उच्चीकरण किया जायेगा ? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि विद्यालयों का उच्चीकरण व प्रांतीकरण न होने से छात्र–छात्राओं को दूरस्थ क्षेत्रों की विद्यालयों मे जाकर शिक्षा ग्रहण करनी पड़ती है ? यदि हां, तो क्या सरकार छात्र–छात्राओं के हितों को दृष्टिगत रखते उपरोक्त विद्यालयों का इण्टर स्तर में उच्चीकरण व प्रान्तीयकरण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) |
| **श्री महेश जीना**<br>**25.07.2024** | **59.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट में मा0 मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा संख्या–201/2023 की गयी थी, कि सल्ट के अति दुर्गम क्षेत्रों में ए0एन0एम0 सेन्टर स्थापित किये जायेंगे ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि सल्ट के अति दुर्गम क्षेत्र भीताकोटखाल, मरचूला व तराड़ नामक स्थानों पर ए0एन0एम0 सेन्टर कब तक स्थापित किये जायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| **काजी मौ0 निजामुद्दीन**<br>**29.07.2024** | **60.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र मंगलौर के विकास खण्ड नारसन के राजकीय डिग्री कॉलेज में किन–किन संवर्गों के पद सृजित है तथा सृजित पदों के सापेक्ष वर्तमान में किस सवंर्ग में कितने पद भरे हैं एवं कितने पद रिक्त हैं ? यदि पद रिक्त हैं तो क्या सरकार उक्त रिक्त पदों को यथाशीघ्र भरने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| **काजी मौ0 निजामुद्दीन**<br>**29.07.2024** | **61.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र मंगलौर में स्थित राजकीय चिकित्सालय मंगलौर व नारसन किस श्रेणी के चिकित्सालय है तथा उक्त दोनों अस्पतालों में कुल कितने पद सृजित हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त दोनों चिकित्सालयों में प्रत्येक संवर्ग के कितने पद सृजित हैं तथा कितने पद भरे गये हैं तथा कितने पद रिक्त हैं ? क्या सरकार उक्त दोनों चिकित्सालयों का उच्चीकरण करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| **श्री लखपत सिंह बुटोला**<br>**29.07.2024** | **62.** क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक / माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र बद्रीनाथ के समस्त विद्यालयों में शिक्षको के कितने पद रिक्त है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार द्वारा कोई योजना बनाई जा रही है ? यदि हां, तो रिक्त पदों पर नियुक्ति कब तक कर दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा (बेसिक / माध्यमिक) |
| **श्री सुरेश सिंह चौहान**<br>**02.08.2024** | **63.** क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि सीमांत जनपद उत्तरकाशी में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी होने के कारण मरीजों को हायर सेंटर रेफर किया जाता है, जिस कारण रास्तें में ही कई मरीजों की मृत्यु हो जाती है ? क्या यह सत्य है कि भारत सरकार द्वारा भी प्रत्येक जनपद में मेडिकल कॉलेज बनाये जाने का प्राविधान किया गया है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में सरकार द्वारा मेडिकल कॉलेज खोलने की प्रक्रिया कब तक प्रारम्भ की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा शिक्षा |
| **श्रीमती पार्वती दास**<br>**02.08.2024** | **64.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र बागेश्वर के ग्राम खोली में जिला अस्पताल के नवीन भवन का निर्माण करने पर सरकार द्वारा विचार किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि ग्राम खोली में जिला अस्पताल के नवीन भवन में कितने बैड एवं कौन–कौन सी यूनिट की स्थापना तथा नवीन भवन का निर्माण कार्य कितनी धनराशि से किया जायेगा ? यदि नहीं तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| **श्री सुरेश सिंह चौहान**<br>**06.08.20024** | **65.** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र गंगोत्री के वि0ख0 भटवाड़ी एवं डुण्डा में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मशीनों, विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव के कारण जनमानस को अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पडता है ? क्या सरकार उपरोक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उच्चीकरण कर, उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |